# साथ निभाएगा बाबा | by Kishori Dass Kanishk Bhaiya

क्यों घबराता देख के तूफां, तुझको पार लगाएगा बाबा
क्यों खुद को समझे अकेला, तेरा साथ निभाएगा बाबा

भरोसा किया तूने जिन पर उसी ने भरोसे को तोडा
जो देखा मुसीबत को आते हर एक ने है मुख तुझसे मोड़ा
वो देखेगा तुझपे मुसीबत आँचल में छुपायेगा बाबा
क्यों खुद को समझे अकेला, तेरा साथ निभाएगा बाबा

आके बैठो बाबा के द्वारे, वो पढ़ लेगा दु:ख तेरे सारे
ये बाबा तेरे दिल की जाने वो आएगा तुझको बचाने
तू बन कर के बालक पुकारे, गोदी में उठा लेगा बाबा
क्यों खुद को समझे अकेला, तेरा साथ निभाएगा बाबा

तेरे हाल पे वो ही थे हँसते जो तेरे दिल में थे बस्ते
ये दुनिया है शतरंज प्यारे लगाकर गले से ही डसते
तू खुद का करदे समर्पण किशोरी दास बनाएगा बाबा
क्यों खुद को समझे अकेला, तेरा साथ निभाएगा बाबा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-kishori-dass-kanishk-bhaiya/